हजारे संस्था

# पद्मावती अंतर्राष्ट्रीय पाठशाला, होसूर–रबकवि

## प्रथमावधी परीक्षा, अक्तूबर – 2020

**विषय: हिन्दी – ब** **कुल अंक: 80**

**दिनांक: 24/10/2020** **कक्षा: 9 वीं** **समय: 3:00 घंटें**

**निर्देश : 1. इस प्रश्‍न–पत्र में चार खण्ड हैं– क, ख, ग और घ ।**

**2. चारों खण्डों के प्रश्‍नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**

**3. यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।**

## खंड – क

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

हमारे समाज में बहुत से लोग असहाय हैं और उनमें से अनेक भिखारी का जीवन बिता रहे हैं। इन दुखी लोगों के बारे में सोचते तो सब हैं, पर कुछ लोग संकल्प कर लेते हैं कि उन्हें ऐसा काम करना है जिससे दूसरों का दुख कम हो। ऐसे ही एक कर्मवीर हैं बाबा आमटे, जिनकी करुणा का साकार है–आनंदवन। आनंदवन महाराष्ट्र के चंद्रपुर ज़िले में एक बस्ती है। यहाँ कुष्ट रोग से पीडित हज़ारों लोग असहाय स्त्री–पुरुष बाबा आमटे की सहायता से अपने पैरों पर खडे हुए हैं और सम्मान के साथ जीवन बिता रहे हैं।

बाबा का पूरा नाम मुरलीधर देवीदास आमटे है। पर इनकी माँ इन्हें 'बाबा' कहकर पुकारती थी। इनकी माँ पढी–लिखी तो नहीं थीं, पर थीं बहुत बुद्धिमान। माँ ने इन्हें चित्रकला सिखाई। प्रकृति और प्राणी–जगत से इनका परिचय कराया। माँ सिखाती – जो सुख लेने में है, उससे ज़्यादा सुख देने में है। बार–बार की कोशिश से आदमी सफल होता है। हार न मानना ही ज़िंदगी का दूसरा नाम है। माँ के द्वारा दी गई सीख ही बाबा के जीवन में पग–पग पर काम आई।

बालक मुरलीधर का ध्यान बचपन से ही निर्धन और असहाय लोगों के कष्टों की ओर जाता। जब कभी वह अपने पिता के साथ बैलगाडी में बैठ अपनी ज़मीन–जायदाद को देखने निकलता, उसका ध्यान निर्धन मज़दूरों और कामगारों की ओर खींचता। उनकी आर्थिक कठिनाइयों और शारीरिक बीमारियों के बारे में सुनकर उसका दिल भर आता। छुआछूत के प्रति उसके मन में बहुत घृणा थी।

उसके स्वभाव की दूसरी विशेषता थी–प्रकृति से प्यार। पेड–पौधों, जंगलों, नदियों तथा पशु–पक्षियों के प्रति उसका अगाध प्यार था। वह दिनभर जंगलों में भील–गोंडों नामक आदिवासी लोगों से परिचय करता और उनसे बातचीत कर प्रसन्न होता। उसका सरल स्वभाव, सच्चाई, निशानेबाज़ी तथा स्वतंत्र जीवन–मुरलीधर को विशेष रूप से आकृष्ट करता।

क. बाबा आमटे प्रकृति तथा वनवासियों के साथ कैसा व्यवहार करते थे ? 02

ख. बाबा आमटे के जीवन पर किसका प्रभाव पडा और माता ने उन्हें क्या शिक्षा दी ? 02

ग. बाबा आमटे की बचपन से क्या इच्छा थी ? 02

घ. छुआछूत के बारे में बाबा आमटे के क्या विचार थे ? 02

ड. आनंदवन किसलिए जाना जाता है ? 01

च. प्रस्तुत गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए । 01

## खंड – ख

**2.** अ) शब्द की परिभाषा लिखकर उदाहरण दीजिए । 01

आ) रहीम समाचार पत्र पढ रहा है । इस वाक्य में रेखांकित क्या है ? ( शब्द या पद ) 01

**3. इन शब्दों में अनुस्वार मात्रा [ ं ] का प्रयोग कीजिए।** **01**

क) बधन ख) सपत्ति

**4. इन शब्दों में अनुनासिक मात्र [ ँ ] का प्रयोग कीजिए।** **01**

क) कविताए ख) अधेरा

**5. 'प्र' उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द लिखिए।** **02**

**6. इन शब्दों में से किन्हीं दो के मूल शब्द एवं प्रत्यय शब्द को अलग-अलग कीजिए।** **02**

द्रवित, सामाजिक, आनंदित

**7. अ) 'समय' इसका सही समान अर्थवाला शब्द इन में से चुनिए।** **01**

अ) अवधि ब) अवधी क) अवध ड) विलंब

**आ) 'उपकार' इसका सही समान अर्थवाला शब्द इन में से चुनिए।** **01**

अ) बुराई ब) समझदारी क) भलाई ड) सहनता

**8. अ) 'बदन' इसका सही पर्यायवाची शब्द चुनिए।** **01**

अ) पानी ब) शरीर क) संबंध ड) मेहनत

**आ) 'ज़मीन' इसका पर्यायवाची शब्द चुनिए।** **01**

अ) ज़माना ब) आकाश क) जंगल ड) धरती

**9. अ) 'नियमित' इसका विलोम श्ब्द चुनकर लिखिए।** **01**

अ) सुनियमित ब) कुनियमित क) अनियमित ड) समयानुसार

**आ) 'खूबसूरत' इसका विलोम शब्द चुनकर लिखिए।** **01**

अ) सबसूरत ब) बदसूरत क) सुसुंदर ड) कुसुरत

**10. अ) 'कर्नाटक एक राज्य है।' इस वाक्य के भेद को पहचानिए।** **01**

अ) विधानवाचक ब) प्रश्नवाचक क) निषेधवाचक ड) विस्मयादिवाचक

**आ) 'हाय ! कितना गलत हुआ।' इस वाक्य के भेद को पहचानिए।** **01**

अ) विधानवाचक ब) प्रश्नवाचक क) निषेधवाचक ड) विस्मयादिवाचक

## <u>खंड – ग</u>

**11. निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।** **4x1=4**

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोडो चटकाय।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाय॥
रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय।
सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँटि न लैहैं कोय॥
एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय॥

1. प्रस्तुत कविता के कवि कौन हैं ?

अ) कबीरदास ब) रहीमदास क) मीराबाई ड) नरोत्तमदास

2. कवि कौनसे धागे को नही तोडने की बात कह रहे हैं ?

अ) घृणा ब) गुस्सा क) प्रेम ड) सिलाई

3. कवि इस कवितांश में अपने दुख को दूसरों के साथ बाँटने से क्यों मना कर रहे हैं ?

अ) लोग हमारे दुख का मज़ाक उडाते हैं। ब) लोग हमारे दुख को बाँटते हैं।
क) लोग दुख को सुनते हैं। ड) लोग और दुखी होते हैं।

4. कवि 'एकै साधे सब सधै' से क्या बाताना चाहते हैं ?

क) एक ही परमात्मा को पूजने की बात कह रहे हैं   ब) अनेक की पूजा करना ।

क) किसी की भी पूजा न करना   ड) पूजा ही न करना ।

**12. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए । 5x1=5**

मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती है। प्रायः पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्ज़ा निश्चित करती है । वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाज़े खोल देती है, परंतु कभी ऐसी भी परिस्थिति आ जाती है कि हम ज़रा नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझना चाहते हैं । उस समय यह पोशाक ही बंधन और अडचन बन जाती है । जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुक सकने से रोके रहती है ।

1. इस गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

   अ) निराला   ब) प्रेमचंद   क) यशपाल   ड) महादेवी

2. पोशाक हमें विभिना श्रेणियों में क्या करती हैं ?

   अ) मिला देती हैं   ब) बाँट देती हैं   क) दूर करती हैं   ड) अपमानित करती हैं

3. पोशाक मनुष्य का क्या निश्चित करती हैं ?

   अ) मान   ब) सहनशीलता   क) काम   ड) दर्ज़ा

4. गरीबों के दुख को समझते समय यह पोशाक क्या बन जाती हैं ?

   अ) बंधन और अडचन   ब) सरलता   क) कामचोर   ड) घृणा

5. खास परिस्थितियों में पोशाक हमें किस तरह रोके रहती हैं ?

   अ) बहता पानी   ब) कटी पतंग   क) नदी   ड) वायु

**13. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए । 5x1=5**

आज तुम्हारे आगमन के चतुर्थ दिवस पर यह प्रश्न बार–बार मन में घुमड रहा है–तुम कब जाओगे, अतिथि? तुम यहाँ बैठे निस्संकोच सिगरेट का धुआँ फेंक रहे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है। देख रहे हो ना! इसकी तारीखें अपनी सीमा में नम्रता से फडफडाती रहती हैं। विगत दो दिनों से मैं तुम्हें दिखाकर तारीखें बदल रहा हूँ। तुम जानते हो, अगर तुम्हें हिसाब लगाना आता है कि यह चौथा दिन है, तुम्हारे सतत आतिथ्य का चौथा भारी दिन! पर तुम्हारे जाने की कोई संभावना प्रतीत नहीं होती। लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रॉनाट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे, जितने समय तुम एक छोटी सी यात्रा कर मेरे घर आए हो।

1. प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

   अ) श्रीराम शर्मा   ब) काका कालेलकर   क) शरद जोशी   ड) यशपाल

2. अतिथि कितने दिनों से लेखक के घर पर रह रहा था ?

   अ) तीन   ब) चार   क) दो   ड) पाँच

3. कैलेंडर की तारीखें किस तरह से फडफडा रही हैं ?

   अ) नम्रता   ब) क्रोध   क) प्यार   ड) आराम

4. अतिथि निस्संकोच किसका धुआँ फेंक रहा था ?

   अ) बीडी   ब) चिलम   क) आग   ड) सिगरेट

5. एस्ट्रॉनाट्स कहाँ पर यात्रा कर के गए थे ?

   अ) सूरज   ब) मंगल   क) चाँद   ड) पृथ्वी

**14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए । 2x2=4**

1. नज़दीक से एवरेस्ट को देखकर लेखिका को कैसा लगा ?

2. रैदास ने अपने पद में भगवान और भक्त की किन चीज़ों से तुलना की है, लिखिए।

3. रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है ?

**15. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60–70 शब्दों में लिखिए। 04**

1. पाठ का शीर्षक 'दुख का अधिकार' कहाँ तक सार्थक है? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

रैदास के पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

**16. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर 40–50 शब्दों में लिखिए। 2x3=6**

1. सोनजुही में लगी पीली कली को देख लेखिका के मन में कौन से विचार उमडने लगे ?

2. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया ?

3. किन कारणों से लेखक ने चिठ्ठियों को कुएँ से निकालने का निर्णय लिया ?

## <u>खंड – घ</u>

17. पिताजी को एक पत्र लिखिए जिसमें परीक्षाओं के उपरांत चाचाजी के परिवार के साथ जयपुर भ्रमण के लिए अनुमति माँगी गई हो। 05

**अथवा**

अपने जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए हर्ष और कृतज्ञता प्रकट करते हुए अपने बडे भाई को पत्र लिखिए।

18. निम्नलिखित संकेत–बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए। 06

क) पुस्तकों का महत्त्व।
* प्रस्तावना
* मनुष्य का मार्गदर्शन
* ज़ान का भंडार
* हमारी मित्र
* उपसंहार

ख) कंप्यूटर आज की ज़रूरत।
* वर्तमान युग : कंप्यूटर युग
* आज की ज़रूरत
* सुव्यवस्था से काम
* विश्‍व भर की जानकारी देना
* उपसंहार

ग) समाचार पत्र
* भूमिका
* अनेक खबरों का भंडार
* अद्‍भुत जानकारी
* मनोरंजन से भरपूर
* उपसंहार

19. अपनी माताजी को जन्म दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए एक संदेश लिखिए। 05

**अथवा**

पिताजी के दफ़्तर से कल की कार्यालयी सभा के बारे में फोन आया था, इस संदेश को बाताते हुए पिताजी को संदेश लिखिए।

20. आपका मित्र पूरे बोर्ड में प्रथम आया है। उसे बधाई देते हुए एक संवाद की रचना कीजिए। 05

**अथवा**

गाँव में बाढ आ गई है। दो मित्र/सहेलियाँ उन पीडितों की सहायता के लिए जाना चाहते हैं। आप उनके मध्य हुआ संवाद लिखिए।

21. सरकार की 'बेटी बचाओ' योजना पर पाँच नारों को लिखिए। 05

**अथवा**

पर्यावरण और प्रकृति की सुरक्षा के लिए जनता को जागरण करते हुए पाँच नारों को लिखिए।